राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

कार्यपत्रक-11

पाठ-16 वित्तीय विवरण: एक परिचय

1.वित्तीय विवरण एक निर्दिष्ट अवधि के दौरान एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा अर्जित लाभ या हानि का पता लगाने के लिए और उस निर्दिष्ट अवधि के अंत में उसकी वित्तीय स्थिति का पता लगाने के लिए तैयार किए जाते हैं। इस कथन के संबंध में वित्तीय विवरण तैयार करने के विभिन्न उद्देश्यों की व्याख्या करिये।

2. आप अपने मित्र को पूंजीगत व्यय और आगम व्यय के बीच का अंतर कैसे समझआओगे?

3. निम्नलिखित जानकारी से बेचे गए माल की लागत और सकल लाभ की गणना कीजिये । विक्रय - 66500, विक्रय वापसी - 700, प्रारंभिक स्टॉक - 5600, क्रय - 31000, प्रत्यक्ष व्यय - 3200, अतिंम स्टॉक - 8200।

4. किस उद्देश्य से व्यापारखाता तैयार किया जाता है?

5. आप किसी कंपनी के सकल लाभ/सकल की गणना कैसे करेंगे?

6. वर्ष के अंत में 31 मार्च, 2021 को खाता बही से लिए गए शेष निम्न दिये गए है:

खाते का नाम	राशि (रु.)
प्रारंभिक स्टॉक	15,000
क्रय	50,000
विक्रय	84,000
क्रय वापसी	1,000
भाड़ा आतंरिक	550
मजदूरी	5,200
अतिंम स्टॉक	13,000

मुख्य रोजनामचा में आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए ।

7. परिचालन लाभ की अवधारणा की गणना करिये? इसकी गणना का सूत्र भी बताइए।

8. लाभ और हानि खाता बनाते समय आप उन लेन-देन से कैसे निपटेंगे जिनमें अप्रत्यक्ष खर्च शामिल हैं?

9. एक कंपनी की प्राप्तियां दो प्रकार की होती हैं अर्थात पूंजीगत और आगम । इस कथन के संदर्भ में पूँजीगत तथा आगम प्राप्तियों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

10. आस्थगित आगम व्यय से आप क्या समझते हैं? इसे एक उदाहरण की सहायता से स्पष्ट कीजिए।